# श्रीलंका: चांडीमल-मैथ्यूज की टीम में वापसी, संभावितों में शामिल 7 को नहीं मिली जगह

**श्रीलंका ने 14 अगस्त से गॉल में न्यूजीलैंड के साथ होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है.**



**कोलंबो.** श्रीलंका ने 14 अगस्त से गॉल में न्यूजीलैंड के साथ होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. श्रीलंकाई चयन समिति ने शुक्रवार को टीम की घोषणा की. इसमें पूर्व कप्तान दिनेश चांडीमल, एंजेलो मैथ्यूज, अकिला धनंजय और निरोशन डिकवेला की वापसी हुई है.

इस मैच के साथ श्रीलंका और न्यूजीलैंड अपने टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत करेंगे. इस सीरीज के लिए श्रीलंका ने 22 संभावित सदस्यों के नामों की घोषणा बुधवार को की थी. अब इस सूची को छोटा कर 15 खिलाड़ियों का कर दिया गया है. संभावितों में शामिल 7 खिलाड़ियों एंजेलो परेरा, दनुष्का गुणाथिलका, शेहान जयसूर्या, चामिका कुरुणारत्ने, दिरुवान परेरा, कासुन रजिथा, असिथा फर्नांडो को टीम में जगह नहीं मिली है.

**पहले टेस्ट के लिए श्रीलंकाई टीम:** दिमुथ करुणारत्ने (कप्तान), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल, लाहिरू थिरिमाने, कुशल मेंडिस, कुशल परेरा, निरोशन डिकवेला, धनंजय डी सिल्वा, अकिला धनंजय, लसिथ इबुलदेनिया, सुरंगा लकमल, लाहिरू कुमारा, ओशिदा फर्नांडो, लक्षन संदाकन, विश्वा फर्नांडो.

## खत्म हुआ BCCI और NADA का बरसों पुराना तकरार, अब क्रिकेटरों का डोप टेस्ट करेगा नाडा

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) के बीच डोप टेस्ट को लेकर बरसों से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है. क्रिकेट बोर्ड (BCCI), अब डोपिंग एजेंसी के नियमों के मुताबिक अपने क्रिकेटरों का डोप टेस्ट कराने को लेकर राजी हो गया है. खेल मंत्रालय ने भी कह दिया है कि बीसीसीआई को अब नाडा (NADA) के तहत सभी क्रिकेटरों का डोप टेस्ट कराना होगा.

बीसीसीआई (BCCI) के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि खेल मंत्रालय का यह स्पष्ट कहना है कि केवल नाडा ही सभी खिलाड़ियों का टेस्ट करेगा. इस अधिकारी ने कहा, 'बीसीसीआई के सीईओ राहुल जौहरी की मंत्रालय से संबंधित लोगों से मुलाकात हुई थी. इसके बाद यह सहमति बनी कि केवल नाडा ही क्रिकेट खिलाड़ियों का टेस्ट करेगा. बीसीसीआई ने यह प्रक्रिया अपने सामने कराने की मांग की, लेकिन खेल मंत्रालय ने कहा कि वह इस मामले को देखेगा और ऐसी प्रक्रिया अपनाएगा, जिससे कि बीसीसीआई भी संतुष्ट हो.'

गौरतलब है कि बीसीसीआई अपने क्रिकेटरों का नाडा के जरिये टेस्ट कराने से लंबे समय से मना करता आ रहा था. भारतीय बोर्ड का दावा था कि वह एक स्वायत्त संस्था है ना कि राष्ट्रीय खेल संघ. उसे सरकार से कोई फंडिंग भी नहीं मिलती है. हालांकि खेल मंत्रालय इस बात पर अड़ा था कि बीसीसीआई को नाडा के तहत आना ही होगा.

# जो कारनामा शुबमन गिल ने कर डाला, वह सचिन तेंदुलकर भी कभी नहीं कर सके

**ताडोबा.** पिछले दिनों विंडीज दौरे के लिए घोषित तीन टीमों में से एक में भी जगह न मिलने के कारण दिग्गजों की सहानुभूति बटोरने वाले युवा बल्लेबाज शुबमन गिल (Shubman Gill) ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को बहुत ही करारा जवाब दिया है. शुबमन गिल (Shuman Gill makes record) के नाबाद दोहरे शतक से भारत ए ने विंडीज ए (India A vs West Indies A Test) के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे अनॉफिशियल टेस्ट के तीसरे दिन (India A vs West Indies A Test) वीरवार को अपनी दूसरी पारी 4 विकेट पर 365 रन बनाकर घोषित दी. बहरहाल, इस पारी से शुबमन गिल (Shubman Gill creates History) ने वह कारनामा कर दिखाया, जो भारतीय क्रिकेट



इतिहास में न सचिन तेंदुलकर ही कर सके और न ही विराट कोहली.

शुबमन गिल ने तीसरे दिन 248 गेंदों पर खेली नाबाद 204 रन की पारी खेलकर सेलेक्टरों को यह मैसेज दे दिया कि अब उन्हें भारतीय टीम से ज्यादा दूर नहीं रखा जा सकता. शुबमन गिल (Shumban Gill) ने अपनी पारी में 19 चौके और दो छक्के लगाए और इस दोहरे शतक से उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान अब्बास अली बेग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया.

बता दे कि शुबमन गिल विदेशी धरती पर किसी प्रथम श्रेणी मुकाबले में दोहरा शतक जड़ने वाले भारत के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए हैं. वास्तव में यह कारनामा सचिन तेंदुलकर 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने के बावजूद नहीं कर सके. शुबमन गिल ने 19 साल और 334 दिन की उम्र में यह कारनामा किया.हां, यह जरूर है कि गिल से पहले यह रिकॉर्ड भारतीय पूर्व कप्तान अब्बास अली बेग के नाम पर था. बेग ने 20 साल 79 दिन की उम्र में साल 1959 में ऑक्सफोर्ड युनीवर्सिटी के लिए खेलते हुए ऑक्सफोर्ड में ही फ्री फॉरेस्टर्स के खिलाफ नाबाद 221 रन बनाए थे.

## युवराज की टीम के खिलाड़ियों ने पूरा पेमेंट नहीं मिलने की वजह से मैच खेलने से किया इनकार !

**नई दिल्ली.** कनाडा में खेली जा रही ग्लोबल टी-20 क्रिकेट लीग में एक विवाद उस समय खड़ा हो गया जब खिलाड़ियों ने टीम बस में चढ़ने से मना कर दिया। एक पत्रकार ने ट्वीट किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि खिलाड़ियों को पूरे पैसे नहीं मिले थे। यह वाकया बुधवार को हुआ। युवराज सिंह की कप्तानी वाली टोरंटो नेशनल्स और जॉर्ज बैली की कप्तानी वाली टीम मांट्रियल टाइगर्स के बीच भारतीय समयानुसार रात 10 बजे से मुकाबला होना था, लेकिन इसे शुरू होने में काफी देरी हुई। टीम के खिलाड़ियों ने टीम बस में कथित तौर पर चढ़ने से मना कर दिया।

पीटर डेल पेना नाम के एक पत्रकार ने इस पर ट्वीट किया कि सूत्रों ने बताया है कि मांट्रियल टाइगर्स और टोरंटो



नेशनल्स के खिलाड़ियों ने टीम बस में चढ़ने से इन्कार कर दिया क्योंकि उनकी पेमेंट बाकी है। बसों को करीब आधा घंटे पहले निकलना था लेकिन 75 मिनट बीतने के बावजूद खिलाड़ी मैदान पर नहीं पहुंचे। विवाद बढ़ने के बाद ग्लोबल टी-20 लीग ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से जानकारी दी कि कुछ तकनीकी कारणों के चलते मैच शुरू होने में देरी हुई। हालांकि ओवर में किसी तरह की कटौती नहीं की गई।

इस मैच में टीम के कप्तान युवराज सिंह नहीं खेल पाए। कहा जा रहा है कि पिछले मैच में वो चोटिल हो गए थि जिसकी वजह से वो इस मुकाबले से दूर रहे। वहीं एक वजह ये भी बताई जा रही है कि उन्होंने शायद पैसे नहीं मिलने की वजह से खेलने से मना कर दिया।

युवराज सिंह इस लीग में काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले पांच मुकाबलों में 14,35,45,51,0 रन की पारी खेली है। उनका स्ट्राइक रेट अब तक 140 का रहा है। वो अपना आखिरी मुकाबला पीठ में दर्द की वजह से नहीं खेल पाए थे।

# बदले-बदले से दिखे मैदान पर विराट कोहली, जमकर लगाए ठुमके और खूब किया डांस

**Ind vs West Indies पहले वनडे मैच के दौरान मैदान पर विराट का अलग अंदाज देखने को मिला और उन्होंने जमकर डांस किया।**

नई दिल्ली, India vs West Indies: वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली (Virat Kohli) ने मैदान पर जमकर ठुमके लगाए। विराट के स्टेप को केदार जाधव और श्रेयस अय्यर भी फॉलो करते नजर आए। टीम के खिलाड़ियों ने भी इस मौके का खूब फायदा उठाया और मैदान पर जमकर मस्ती की। ये वाकया तब हुआ जब 5.4 ओवर के बाद बारिश की वजह से मैच को रोक दिया गया। इसके बाद जब बारिश खत्म हुई तब भारतीय खिलाड़ी मैदान पर उतरे। उस वक्त स्टेडियम में कोई गीत बज रहा था और उसकी धुन पर विराट खुद को रोक नहीं पाए और बेहतरीन अंदाज में डांस करने लगे। कप्तान विराट को इस अंदाज में देखकर टीम के अन्य खिलाड़ी भी मस्ती से नहीं चूके। वहीं स्टेडियम में मौजूद कई दर्शक भी इस गीत में ठुमकते नजर आए। हालांकि तब तक मैदान खेलने लायक नहीं था और एक बार फिर से ग्राउंड्समैन इसे ठीक करने की कोशिश करने लगे। इस बीच टीम वापस पवेलियन लौट आई, लेकिन विराट का ये अंदाज शायद मैदान पर पहली बार देखने को मिला। विराट ने ग्राउंड्समैन के साथ भी कुछ स्टेप्स किए तो वहीं क्रिस गेल ने भी उनके साथ डांस किया। गेल भी विराट के स्टेप के साथ स्टेप मिला रहे थे और जमकर मस्ती के मूड में दिख रहे थे। मैदान पर अपने आक्रामक अंदाज के लिए मशहूर विराट इस तरह मैदान पर डांस करते नजर आएंगे इसकी कल्पना शायद ही क्रिकेट फैंस ने की थी।

इस मैच के दौरान सबको विराट के एक अलग अंदाज भी देखने को मिला जो यकीनन बेहद प्यारा था। आपको बता दें कि विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया वेस्टइंडीज को तीन मैचों की टी 20 सीरीज में पहले ही क्लीन स्वीप कर चुकी है।

